दिन– मंगलवार दिनांक– 30 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल की बिक्री पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध हटाये। कल से एक दिन में अधिकतम डीजल खरीदने की सीमा होगी सामप्त।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात। तिरेपन हजार करोड़ रूपये की लागत वाली पाँच प्रमुख सड़क और पुल परियोजनाओं को मंजूरी देने पर बनी सहमति।

03. प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के तबादले के लिए अगले सप्ताह से शुरू होगी ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया।

04. और, पंजाब के जालंधर में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बिहार के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण समेत कुल चार पदक जीते।

---

केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल की बिक्री पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध हटाने का फैसला किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पेट्रोल पंपों पर कल से ये प्रतिबंध लागू नहीं रहेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

मंत्रालय के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई थीं। लेकिन सरकार ने आम लोगों को राहत देने के लिए पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की। इससे खुदरा और थोक कीमतों में अंतर आ गया था।

इसी वजह से 12 जून से अस्थायी प्रतिबंध लगाए गए थे। इसके तहत एक ग्राहक या वाहन को एक दिन में अधिकतम 200 लीटर डीज़ल देने की सीमा तय की गई थी। इसका उद्देश्य कालाबाज़ारी और जमाखोरी रोकना तथा सभी उपभोक्ताओं को पेट्रोल और डीज़ल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

मंत्रालय ने कहा कि अब देश में पेट्रोल और डीज़ल की आपूर्ति सामान्य हो गई है। इसलिए जनहित में इन अस्थायी प्रतिबंधों को वापस लेने का फैसला किया गया है।

---

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उन खबरों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया है कि पेट्रोल पंपों पर एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल–ई–20 के इस्तेमाल के खिलाफ चेतावनी वाले होर्डिंग लगाए गए हैं। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने कहा कि ये दावे झूठे हैं। इकाई ने कहा कि पेट्रोल पम्पों पर ऐसा कोई होर्डिंग नहीं लगाया गया है।

---

राज्य की पाँच प्रमुख सड़क और पुल परियोजनाओं को जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने की संभावना है। लगभग तिरेपन हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इन परियोजनाओं की कुल लंबाई चार सौ बारह किलोमीटर है। नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की केंद्रीय सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। बैठक में पटना–पूर्णिया मार्ग, वाराणसी–कोलकाता कॉरिडोर के दो पैकेज, गंडक नदी पर पुल, मुजफ्फरपुर–सीतामढ़ी राष्ट्रीय राजमार्ग और अनीसाबाद–दीदारगंज एलिवेटेड रोड सहित अन्य परियोजनाओं को शीघ्र मंजूरी देने और समयबद्ध निर्माण पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से बिहार में आवागमन सुगम होगा और पड़ोसी राज्यों के साथ व्यापार तथा संपर्क को भी बढ़ावा मिलेगा।

---

प्रदेश में साठ मीटर से दो सौ पचास मीटर लंबे चार सौ उनासी पुलों की भार क्षमता और संरचनात्मक स्थिति का वैज्ञानिक आकलन कराया जाएगा। पथ निर्माण विभाग ने अगले छह महीने में सभी चयनित पुलों का सेफ्टी ऑडिट और हेल्थ कार्ड तैयार करने का लक्ष्य रखा है। विभाग के अनुसार पुलों की तकनीकी जांच आईआईटी पटना, आईआईटी दिल्ली तथा अन्य इंजीनियरिंग संस्थानों से कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर जरूरत के अनुसार पुलों की मरम्मत और अन्य आवश्यक कार्य किए जाएंगे। गौरतलब है कि राज्य में दो सौ पचास मीटर से अधिक लंबे पचासी पुलों की जांच पहले से ही आईआईटी पटना द्वारा की जा रही है।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के तबादले का रास्ता साफ हो गया है। शिक्षा विभाग ने लगभग पाँच लाख अठासी हजार शिक्षकों के रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके तहत सभी छिहत्तर हजार सरकारी स्कूलों में स्वीकृत पदों और कार्यरत शिक्षकों की उपलब्धता का आकलन किया गया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि तबादला पोर्टल अगले सप्ताह सक्रिय किया जाएगा। शिक्षक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और आवेदन प्राप्त होने के बाद दो सप्ताह के भीतर तबादला प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि रेशनलाइजेशन से यह स्पष्ट हो गया है कि किस विद्यालय में शिक्षकों की कमी है और कहाँ आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थापित हैं। इससे छात्रों की संख्या और विषयवार जरूरत के अनुरूप शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करने में सुविधा होगी।

---

विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन, यानी वीबी जी रामजी योजना कल से लागू हो जाएगी। इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को वर्ष में सौ दिनों के बजाय एक सौ पच्चीस दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता और मजदूरी के भुगतान में पन्द्रह दिनों से अधिक की देरी होने पर क्षतिपूर्ति का भी प्रावधान किया गया है।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत देशभर में एक समान मजदूरी दर लागू करने की मांग की है। श्री कुमार नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बिहार के लिए स्वीकृत इकसठ लाख आवासों की राशि शीघ्र जारी करने की भी मांग की। सम्मेलन में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बिहार में शुरू किये गये ऑन–साइट जियो–टैगिंग पहल को राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों में शामिल करते हुए सराहा गया।

---

बिहार पुलिस, रेडियो ऑपरेटर– सिपाही के नौ सौ तिरानवे पदों के लिए आयोजित परीक्षा के दौरान फर्जीवड़ा के मामलों में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। खगड़िया में पुलिस ने सॉल्वर गैंग, अभ्यर्थियों, शिक्षकों और एक परीक्षा केंद्र के अधीक्षक समेत कुल पन्द्रह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से वाहन, मोबाइल फोन, ब्लैंक चेक, एडमिट कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, अभ्यर्थियों से परीक्षा पास कराने के नाम पर लाखों रुपये की मांग की जाती थी। वहीं, हाजीपुर में एक परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक और दो वीक्षकों के खिलाफ परीक्षा में अनियमितता के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। नवादा में दो अभ्यर्थियों द्वारा ओएमआर शीट की कॉपी जमा नहीं करने के मामले में भी केस दर्ज किया गया है। दूसरी तरफ मुंगेर में एक परीक्षार्थी को ब्लूटूथ डिवाइस की मदद से नकल करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

---

राज्य के उत्तरी हिस्सों में मानसून की सक्रियता से कई जिलों में झमाझम बारिश हुई है। पिछले चौबीस घंटों में सुपौल, अररिया, वैशाली, पूर्णिया, मधुबनी, किशनगंज, दरभंगा और मधेपुरा सहित कई जिलों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा दर्ज की गई। सुपौल के सरायगढ़ भपटियाही में सबसे अधिक एक सौ छियानवे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने आज गोपालगंज और पश्चिम चंपारण जिले के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, दरभंगा, पूर्वी

चंपारण, मधुबनी, शिवहर, सीतामढ़ी और वैशाली जिले में भी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। इधर, दक्षिण बिहार में कुछ स्थानों पर बारिश होने और बादल छाये रहने से अधिकतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। सभी जिलों में तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। इस दौरान अड़तीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान पैंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

राज्य में बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी। सीतामढ़ी जिले में वज्रपात की घटना में एक महिला और एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं, मुंगेर में एक किशोरी की मौत हुई है। पूर्वी चंपारण के रामगढ़वा में खेत में काम कर रहीं तीन महिलाएं वज्रपात की चपेट में आकर घायल हो गईं। इधर, दरभंगा और मधुबनी में आकाशीय बिजली गिरने से दो प्राचीन शिव मंदिरों के गुंबद और मुख्य द्वार क्षतिग्रस्त हो गए। मधुबनी के बाबूबरही में एक पेट्रोल पंप की छत को भी नुकसान पहुंचा।

---

पंजाब के जालंधर में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बिहार के बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल चार पदक जीते। महिला बॉक्सर प्रगति ने चौंसठ किलोग्राम भार वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, पचपन किलोग्राम भार वर्ग में नित्या पाण्डेय ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पुरुष वर्ग के उनचास किलोग्राम भार वर्ग में वीर ने कांस्य पदक हासिल किया। सड़सठ किलोग्राम भार वर्ग में लक्की ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता।

---

मोतिहारी की एक अदालत ने भूमि विवाद में हुई हत्या के एक मामले में छह दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सभी दोषियों पर तैंतीस–तैंतीस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह मामला पांच वर्ष पुराना है।

---

पटना की एनडीपीएस अदालत ने गांजा तस्करी के आरोप में दोषी ओडिशा के सिमलीगुढ़ा निवासी दिलीप पासवान को बारह वर्ष कारावास और एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, अररिया की एक अदालत ने एनडीपीएस एक्ट में

दोषी रंजीत राय को चौदह वर्ष सश्रम कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

छपरा में अधिवक्ता पिता–पुत्र दोहरे हत्याकांड के मुख्य गवाह पंकज कुमार राय की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना में मृतक का भाई भी घायल हुआ है। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

---

मुजफ्फरपुर के साहेबगंज में एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में तीन लोग घायल हो गए।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा पुलिस जिला अन्तर्गत धनहा चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने एक ट्रक से दस लाख रूपये मूल्य की तिरासी कार्टन प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ चालक को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के नरकटियागंज में रेलवे सुरक्षा बल ने सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस की पैंट्रीकार और उससे सटी बोगी से बासठ बोतल शराब बरामद की है। इस मामले में पैंट्रीकार मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है।

---

पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र से उत्पाद विभाग की टीम ने एक ट्रक से चार सौ कार्टन शराब बरामद की है। शराब की यह खेप दवा के बीच छुपा कर लाई जा रही थी।

---

सीतामढ़ी जिले के परिहार थाना हाजत से पच्चीस हजार रूपये का इनामी अपराधी प्रभु भगत पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में ड्यूटी पर तैनात तीन चौकीदारों को निलंबित कर दिया गया है।

---

पटना के भगवानगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। मौके से निर्मित–अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरणों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– तिरेपन हजार करोड़ से अधिक की पांच परियोजनाएं स्वीकृत, सीएम और पथ निर्माण मंत्री गडकरी संग बैठक में सहमति।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– शिक्षकों के तबादले की बाधा दूर। पोर्टल पर अगले हफ्ते से आवेदन।

दैनिक भास्कर लिखता है– दरभंगा में लैंडिंग के दौरान स्पाईसजेट का टायर फटा, इंडिगो की फ्लाईट डायर्वट।

प्रभात खबर की सुर्खी है– दो जुलाई से मलाहीपकड़ी तक चलेगी मेट्रो। पहली बार शहर के अंदर प्रवेश करेगी।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आठ आरोपियों को चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

आज अखबार की सुर्खी है– बिना परिसीमन होंगे बिहार पंचायत चुनाव, आरक्षण रोस्टर पर मंत्री दीपक प्रकाश का बड़ा ऐलान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल की बिक्री पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध हटाये। कल से एक दिन में अधिकतम डीजल खरीदने की सीमा होगी सामप्त।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात। तिरेपन हजार करोड़ रूपये की लागत वाली पाँच प्रमुख सड़क और पुल परियोजनाओं को मंजूरी देने पर बनी सहमति।

03. प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के तबादले के लिए अगले सप्ताह से शुरू होगी ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया।

04. और, पंजाब के जालंधर में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बिहार के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण समेत कुल चार पदक जीते।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।